## एक नजर में

### धर्म केवल प्रदर्शन नहीं, आचरण में उतारने का विषय है : आर्यिका समर्थश्री माताजी




**मंदसौर।** आचार्य 108 सन्मति कुंज संत निवास में आयोजित एक भव्य धर्म सभा को संबोधित करते हुए 105 आर्यिका समर्थ श्री माताजी ने कहा कि मनुष्य के रूप में जन्म लेना तो सौभाग्य है, किंतु यदि जीवन में धर्म का अभाव है, तो यह जीवन व्यर्थ है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज धर्म केवल दिखावा और प्रदर्शन बनकर रह गया है, जबकि वास्तव में धर्म वह है जिसे हम अपने दैनिक आचरण में उतारें। आर्यिका माताजी ने आधुनिक मशीनीकरण के दौर पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी और मशीनी जीवन शैली में मनुष्य तनावग्रस्त है। इस तनाव का खामियाजा अक्सर निर्दोष बच्चों को भुगतना पड़ता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अकारण ही बच्चों पर गुस्सा उतारना कतई उचित नहीं है। उन्होंने संदेश दिया कि धर्म का वास्तविक अर्थ जीव मात्र के प्रति दया भाव रखना है। उन्होंने स्वावलंबन पर जोर देते हुए कहा कि अपना कार्य स्वयं करने से जो आत्म-संतुष्टि और पुण्य मिलता है, वह अन्यत्र कहीं नहीं है। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण के साथ हुआ, जिसकी प्रस्तुति श्रीमती कुसुम पोरवाल ने दी। इसके पश्चात अतिथियों द्वारा विधिवत दीप प्रज्वलन और चित्र अनावरण किया गया। इस अवसर पर दिलीप जैन %भोलिया%, राजमल गर्ग, सुरेश पाटनी, विमल मेहता, भरत कोठारी, महावीर कोटडिया और सतीश दोशी ने मुख्य भूमिका निभाई। आर्यिका माताजी के सानिध्य में शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य संतोष सेठी, चंदा कोठारी, टीला पाटनी और साक्षी जैन को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का कुशल संचालन जितेन्द्र दोशी ने किया, जबकि अंत में आभार डॉ. एस.एम. जैन ने व्यक्त किया।

### फूल माली प्रीमियर लीग का समापन, मेनपुरिया टीम ने जीता टूर्नामेंट

**मंदसौर।** फूलमाली समाज नवयुवक मंडल द्वारा इस वर्ष भी फूल माली प्रीमियर लीग सीजन 2 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज के युवाओं को खेलों से जो ?ना एवं आपसी प्रेम और सौहार्द ब ?ता था। इस टूर्नामेंट में जावरा, मंदसौर, नीमच, पिपलिया मंडी, अरनिया माली, काचरिया चंद्रावत, नयापुरा, बहादुरपुर और मैनपुरिया की टीमों ने भाग लेकर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया एवं उपस्थित सभी दर्शकों ने इन रोमांचक मुकाबला का जबरदस्त आनंद उठाया। चंद्रपुरा रोड पर स्थित मेला ग्राउंड पर आयोजित इस क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच पिपलिया मंडी और मैनपुरिया के बीच खेला गया। जिसमें मेनपुरिया टीम ने जीत प्राप्त की। इस अवसर पर क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्री विपिन जैन, भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री गौरव अग्रवाल, जनपद सदस्य श्री विकास दसोरा, क्षेत्रीय पार्षद प्रतिनिधि श्री शैलेंद्र गिरी गोस्वामी, मेनपुरिया सरपंच प्रतिनिधि श्री ओंकार लाल माली, पूर्व चोकरा अध्यक्ष श्री नंदराम उनियारा, श्री नंदकिशोर राठौ? पटेल साहब, चोखरा संगठन मंत्री श्री लक्ष्मीनारायण गहलोत, कोषाध्यक्ष मुकेश गहलोत, जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव श्री भूपेंद्र महावर, समाजसेवी श्री बद्रीलाल माली एवं शिक्षाविद श्री प्रदीप भाटी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि यह खेलना केवल शारीरिक विकास का माध्यम है बल्कि एकता प्रेम भाईचारे का भी प्रतीक है अपने खिला?ियों का हौसला ब ?ते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की एवं आयोजन समिति को बधाई दी। समापन के अवसर पर विजेता और उपविजेता टीमों को विधायक श्री विपिन जैन एवं सांसद प्रतिनिधि श्री गौरव अग्रवाल व फुल माली चोकरा पंचायत अध्यक्ष मुकेश जादव द्वारा ट्रॉफी एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## अलसी के डंठल से रेशम निर्माण की प्रोसेसिंग करें शुरू : कलेक्टर

▸ ग्राम गुलियाना में बेलर से अलसी डंठल संग्रहण प्रक्रिया का कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**मंदसौर।** कलेक्टर अदिती गर्ग ने ग्राम गुलियाना में किसान जगदीश माली के खेत पर पहुंचकर अलसी के डंठलों को बेलर मशीन की सहायता से एकत्रित करने की प्रक्रिया का अवलोकन किया। जिले में कृषि अपशिष्ट के प्रभावी उपयोग और किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से अलसी के डंठल से रेशा (फाइबर) निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल शुरू की जा रही है। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन, मंदसौर ग्रामीण एसडीएम, कृषि विभाग के अधिकारी, एफपीओ के किसान मौजूद थे।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि डंठलों को एकत्रित करने के बाद उनकी मशीनों के माध्यम से प्रोसेसिंग शुरू की जाए। जिले में उपलब्ध मशीनों का उपयोग कर रॉ मैटेरियल से लेकर धागा एवं रेशा निर्माण तक की पूरी प्रक्रिया को व्यवस्थित रूप से विकसित किया जाए। उन्होंने एफपीओ एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस कार्य के लिए खरीदारों से समन्वय स्थापित कर बेहतर मार्केट लिंक तैयार करें।

एफपीओ द्वारा जानकारी दी गई कि अलसी के डंठलों के भंडारण हेतु लोहे के शेड का निर्माण किया जा रहा है, जहां डंठलों को सुरक्षित रखकर आगे फाइबर उत्पादन किया जाएगा। स्थानीय स्तर पर मशीन निर्माण के प्रयास भी किए गए हैं, जिनसे रेशा तैयार किया जाएगा।

कलेक्टर ने डबल ट्रांसपोर्ट की लागत को कम करने पर जोर देते हुए कहा कि किसानों को प्रोत्साहित किया जाए कि वे अपने खेत या घर पर ही डंठलों का संग्रहण करें और सीधे खरीदारों को विक्रय करें। इससे अनावश्यक खर्च में कमी आएगी। साथ ही, अलसी से तेल उत्पादन की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई।

जिले में नरवाई प्रबंधन के तहत यह पहल विशेष महत्व रखती है। नरवाई जलाने से मिट्टी की उर्वरता एवं पर्यावरण को होने वाले नुकसान को देखते हुए प्रशासन द्वारा वैकल्पिक उपायों को बढ़ावा दिया जा रहा है। अलसी के डंठलों का उपयोग कर फाइबर निर्माण न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक होगा, बल्कि किसानों को अतिरिक्त आय का स्रोत भी प्रदान करेगा।

वर्तमान में जिले में लगभग 9 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में अलसी की खेती की जा रही है, जो रबी सीजन की एक महत्वपूर्ण सहायक फसल के रूप में उभर रही है। इस नवाचार से जिले में कृषि आधारित उद्योगों को भी बढ़ावा मिलेगा।

## आंगनवाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण

**मंदसौर। कलेक्टर अदिती गर्ग ने ग्राम धमनार में आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक-1 एवं जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत निर्मित हो रहे वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निरीक्षण किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन एवं एसडीएम मंदसौर उपस्थित रहे।**

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों की उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन कर आवश्यक जानकारी ली तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका से चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि बच्चों की उपस्थिति नियमित एवं समय पर दर्ज की जाए।

कलेक्टर ने केंद्र में प्रदर्शित भोजन मेन्यू एवं चार्ट का निरीक्षण कर बच्चों को दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता जांची। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी में बच्चों को प्रतिदिन निर्धारित मेन्यू के अनुसार पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए। साथ ही पोषण आहार एवं टीएचआर (टेक होम राशन) पैकेट के नियमित वितरण के निर्देश भी दिए।

उन्होंने आंगनवाड़ी में भोजन



उपलब्ध कराने वाले शारदा समूह की जानकारी लेते हुए सभी बच्चों की सही एवं पूर्ण एंट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए तथा छत के ढलान (स्लोप) की तकनीकी जानकारी भी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि सिस्टम का निर्माण उच्च गुणवत्ता के साथ किया जाए, ताकि वर्षा जल का प्रभावी संचयन हो सकेगा।

## होली मिलन-वार्षिक सम्मेलन संपन्न

**मंदसौर।** सिंह राजपूत सामाजिक संगठन मंदसौर का 20वां होली मिलन एवं वार्षिक सम्मेलन अध्यक्ष अशोक सिंह जादौन (प्रधान) एवं प्रबंध कार्यकारिणी पदाधिकारियों के नेतृत्व में राजपूत अतिथियों की उपस्थिति में सिंधु मंडल रिसोर्ट में अतिथि दिलीप सिंह परिहार विधायक नीमच, डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान विधायक नागदा एवं जिला राजपूत समाज मंदसौर के अध्यक्ष रघुनाथसिंह काचरिया, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह गौतम मंदसौर, पूर्व स्लेट पेंसिल कर्मकार मण्डल अध्यक्ष अजय सिंह चौहान तथा उज्जैन के पधारे राजपूत अतिथि अंगद सिंह भदौरिया राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, शिव सिंह परिहार युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष, अर्जुन सिंह राठौर संगठन मंत्री अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा उज्जैन की उपस्थिति में समाज के पदाधिकारियों के द्वारा साफा एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में समाज के प्रतिभावान बच्चों को राजेन्द्रसिंह चौहान द्वारा अपनी पत्नी स्व. श्रीमती बसंती चौहान (शिक्षिका) की स्मृति में 1100/- प्रत्येक को नगद राशी एवं महिला विंग अध्यक्ष सीमा कुशवाह द्वारा शिल्ड प्रदान कर सम्मानित किया। समाज द्वारा समाज के वरिष्ठजनों व शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हुए समाजजनों का शाल, श्रीफल व प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मान किया।

वार्षिक सम्मेलन में आय-व्यय विवरण सचिव द्वारा प्रस्तुत किया जिसमें कुल आय 1,94,850/- सदस्यता/सहयोग राशि में प्राप्त बतायी जाकर व्यय कार्यक्रम के पश्चात् प्रस्तुत किया जाना बताया। अध्यक्ष जादौन द्वारा समाज स्थापना 2006-07 से वर्तमान तक ब्यौरे का उल्लेख करते हुये समाज में फण्ड की कमी को बताते हुये समाज के लिये सभा/विवाह स्थल आवश्यकता के साथ अनेक गतिविधियां युवा-युवती एवं परिवारों की सम्पूर्ण जानकारी हेतु गतिविधियों हेतु पंजीकृत संस्था अनुसार सदस्यता ब ?ने के साथ 120/- वार्षिक प्रत्येक वयस्क सदस्य से सदस्यता शुल्क माह अप्रैल से जून में लेने तथा सहयोग राशि जनवरी से मार्च में ली जाकर कार्यकारिणी अनुमोदन पश्चात् साधारण सभा में स्वीकृति प्राप्त की जिससे समाज में धीरे-धीरे उत्थान होगा।

**एक नजर** ▸ मंदसौर में भाजपा का 'गांव चलो-बस्ती चलो' अभियान शुरू

## सांसद सुधीर गुप्ता ने की चौपालों में सहभागिता

**मंदसौर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले में 'गांव चलो-बस्ती चलो' अभियान का शुभारंभ किया गया। पार्टी जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में प्रारंभ हुए इस अभियान के तहत 12 अप्रैल तक जिले के विभिन्न गांवों में जनप्रतिनिधि पहुंचकर जनता से संवाद करेंगे।**



जिलाध्यक्ष दीक्षित ने बताया कि अभियान के दौरान गांवों में स्वच्छता कार्यक्रम, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान, बुद्धिजीवियों से संपर्क तथा केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही योजनाओं के लाभार्थियों से भी जनसंपर्क किया जाएगा।

अभियान के प्रथम दिवस सांसद सुधीर गुप्ता ने मल्हारगढ़ विधानसभा के झावल, तुमड़ावदा तथा सुवासरा क्षेत्र के भगोर और ईश्वरपुर (ईशाकपुर) में चौपालों में भाग लिया। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद करते हुए केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और लाभार्थियों से चर्चा की। इस दौरान भगोर में उज्ज्वला योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना और लाड़ली बहना योजना के हितग्राहियों से संवाद कर लाभ वितरण भी किया गया। वहीं ईश्वरपुर में पौधारोपण एवं कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। कुचडोद में आयोजित चौपाल में भी ग्रामीणों से संवाद कर एक हितग्राही को अंत्येष्टि सहायता प्रदान की गई।

कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# नीमच

## एक नजर में

### शीघ्र होगा मुख्य सड़क का निर्माण, नगरपालिका अधिकारियों का दल पहुंचा इंदिरा नगर, किया मौका निरीक्षण



**नीमच।** नगरपालिका परिषद, नीमच के इंदिरा नगर रहवासी क्षेत्र में वार्ड क्रमांक 9 एवं 7 के अंतर्गत आने वाली मुख्य सड़क पर डामरीकरण निर्माण को लेकर नगर पालिका लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता 6इंजीनियर8दीपक मुवेल, इंजीनियर श्री पांचोली, इंजिनियर अर्जुन राठौर, हिमांशु टांकवाल ने मंगलवार शाम पांच बजे वार्ड क्रमांक 9 के अंतर्गत संजय श्रीवास्तव के मकान से विजडम स्कूल तक एवं वार्ड क्रमांक 7 में विजडम स्कूल से सरदार सिंह गुर्जर के मकान तक की मुख्य सड़क पर डामरीकरण निर्माण कार्य को लेकर मोका निरीक्षण किया। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 9 पार्षद हरगोविंद दीवान, वार्ड क्रमांक 7 पार्षद श्रीमती सुमित्रा-मुकेश पोरवाल उपस्थित थे। दोनों पार्षदों ने बताया कि इंदिरा नगर क्षेत्र की यह सड़क दो वार्डो में स्थित है, जो विगत काफी वर्षों से जर्जर और उबड खाबड़ स्थिति में पड़ी हुई है। मुख्य सड़क होने की वजह से इस मार्ग से प्रतिदिन सेकडो लोगों का आना-जाना लगा रहता है। ऐसे में सड़क की दयनीय स्थिति के कारण सभी राहगीरों को परेशान होना पड़ रहा है। परेशान जनता लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग कर रही थी। जिसको तवज्जो देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति-गौरव चोपड़ा ने तत्काल संज्ञान में लेकर अधिकारियों को उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। इस मुख्य सड़क के निर्माण का प्रकरण तैयार कर पी. आई.सी या परिषद में रखने के निर्देश दिए। जिस पर बिते दिवस नगर पालिका अधिकारियों की टीम इंदिरा नगर पहुंची एवं सड़क निर्माण का अवलोकन कर प्रकरण तैयार कर आगामी बैठक में रखने हेतु फाइल तैयार की गई। पार्षद श्री दीवान व श्रीमती पोरवाल ने बताया कि सड़क जल्द बनने से स्थानीय नागरिकों सहित आमजन को इस समस्या से निजात मिलेगी।

### करंट की चपेट में आकर मजदूर की मौत, ठेकेदार पर लापरवाही के आरोप

**नीमच।** जिले के नीमच सिटी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिपलिया नाथावत में बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 35 वर्षीय मजदूर की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया, वहीं परिजनों ने ठेकेदार सहित संबंधित लोगों पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाते हुए मुआवजे और सख्त कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम भोलियावास निवासी नरेंद्र पिता लालूराम माली (उम्र लगभग 35 वर्ष) ठेकेदार लोकेश धाकड़ के अधीन मजदूरी करता था। वर्तमान में वह ग्राम पिपलिया नाथावत में नारायण सिंह के मकान निर्माण कार्य में लगा हुआ था। बुधवार सुबह करीब 10 बजे रेत से भरे डंपर को खाली करने के दौरान यह हादसा हुआ। ग्राम बरखेड़ा के उपसरपंच अशोक माली ने बताया कि निर्माण स्थल के ऊपर से बिजली के तार गुजर रहे थे, बावजूद इसके ठेकेदार द्वारा सुरक्षा के कोई पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए थे। बताया गया कि मजदूर नरेंद्र को डंपर पर चढ़ाकर रेत खाली करने के लिए कहा गया। इसी दौरान डंपर चालक ने बिना ऊपर की स्थिति का ध्यान रखे वाहन को आगे-पीछे किया, जिससे डंपर ऊपर से गुजर रहे बिजली के तारों के संपर्क में आ गया और नरेंद्र करंट की चपेट में आ गया। गंभीर रूप से घायल नरेंद्र को तत्काल जिला अस्पताल नीमच लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। परिजनों का आरोप है कि यह हादसा ठेकेदार और डंपर चालक की लापरवाही के कारण हुआ है।

## नीमच में सफाई सेहत ठीक नहीं, लगे कचरे के कई ढेर

**नीमच।** शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के दावों के बीच जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। शहर के कई प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए डस्टबिन या तो गायब हो चुके हैं या फिर उपयोग के लायक नहीं बचे हैं।

इसका सीधा असर शहर की स्वच्छता व्यवस्था पर पड़ रहा है और जगह.जगह फैला कचरा लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है। शहर के प्रमुख चौराहों और बाजार क्षेत्रों में लगाए गए छोटे डस्टबिन घंटेभर में ही भर जाते हैं। इसके बाद दिनभर कचरा सडक़ पर ही जमा रहता है। वहीं दूसरी और शहर के कई हिस्सों में तो नपा ने डस्टबिन तक नहीं लगवाएं है। वर्तमान समय में शहर के गोमाबाई मार्ग, नगरपालिका के समीप मार्ग, प्रताप मार्ग, वीरपार्क रोड, गांधीवाटिका क्षेत्र, दशहरा मैदान, मीडिल स्कूल समीप, आंबेडकर मार्ग सहित कई क्षेत्रों में डस्टबिन गायब हो गए है कई स्थानों पर तो डस्टबिन के साथ लगाए इंगल भी गायब हो चुके है।

राहगीरों को गंदगी से होकर गुजरना पड़ता है, वहीं दुकानदारों और आसपास रहने वाले लोगों को दुर्गंध और गंदगी से जूझना पड़ रहा है। टैगोर मार्ग, वीरपार्क रोड, सीआरपीएफ मार्ग, नयाबाजार, प्रताप मार्ग, आंबेडकर मार्ग जैसे व्यस्त क्षेत्र में डस्टबिन के गायब होने से स्थिति और भी गंभीर हो गई है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों लोग आते.जाते हैं। दुकानदारों का कहना है कि दुकानों के बाहर पर्याप्त डस्टबिन नहीं होने के कारण ग्राहक मजबूरी में कचरा सडक़ या नालियों में फेंक देते हैं। इससे न केवल गंदगी बढ़ रही है बल्कि नालियां भी जाम हो रही हैं। कई स्थानों पर आवारा जानवर कचरे को इधर.उधर फैलाकर हालात और बदतर कर देते हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि नगरपालिका के अधिकारी इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। बार.बार शिकायतों के बावजूद न तो नए डस्टबिन लगाए जा रहे हैं और न ही पुराने डस्टबिन की नियमित सफाई की व्यवस्था की जा रही है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत किए जा रहे दावों पर भी सवाल उठने लगे हैं। शहरवासियों का कहना है कि समय रहते सार्वजनिक स्थानों पर पर्याप्त संख्या में बड़े डस्टबिन लगाए जाएं और उनकी नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए।

शहर में नगर पालिका के पास कागजों पर दिखाने के लिए भारी-भरकम सफाई अमला है। इसमें 350 से अधिक कर्मचारियों के साथ ही घर-घर से कचरा एकत्र करने वाले वाहन और फिर उस कचरे को ट्रेंचिंग ग्राउंड तक छोड़ने वाले डंपर व ट्रैक्टचर-ट्रालियां शामिल हैं। इसके बाद भी शहर में सफाई की सेहत ठीक नहीं है। हर बार शहर में स्वच्छता सर्वे शुरू होने के एक माह पहले से ही नपा के अधिकारियों में हलचल होती है। सर्वे होने के बाद शहर की सफाई व्यवस्था फिर बेपटरी हो रही है। स्वच्छता सर्वे खत्म होने के बाद सफाई अभियान को लेकर नपा अधिकारी और कर्मचारी पूरी तरह से निष्क्रिय हो गए हैं। अब शहर भर में जगह-जगह गंदगी फैल रही है। कचरे के ढेर लगे हैं। प्रतिदिन सफाई नहीं हो रही है। जहां डस्टबिन लगे हैं, उनके आसपास फैली गंदगी भी हालात बयां कर रही है। अब संसाधनों तक का उपयोग नहीं हो रहा है। स्वच्छता सर्वे से पहले नगरपालिका सफाई को लेकर गंभीर दिखाई दे रही थी। सफाई कर्मचारियों से लेकर अधिकारी तक सतर्क थे। शहर की सड़कों से लेकर कालोनियों की गलियों और नालियों भी बराबर सफाई हो रही थी।

### जगह-जगह लगे हैं गंदगी के ढेर

वर्तमान में पूरे शहर में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे है। जहां डस्टबिन लगे हैं वहां भी व्यवस्थाएं ठीक नहीं हैं। नगरपालिका शहर में जिन पाइंटों पर कचरा एकत्र करती है वहां से भी प्रतिदिन कचरा समय पर नहीं उठाया जा रहा है। शहर में रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था भी बंद हो गई है। शहर में करीब प्रतिदिन55-60 टन तक कचरा निकलता है इतना कचरा अभी प्रतिदिन ट्रेंचिंग ग्राउंड नहीं पहुंच रहा है।

### इनका कहना

शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए प्लानिंग की जा रही है। शहर का कचरा प्रतिदिन एकत्र कर ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया जाएगा। कहीं भी कचरा नहीं छोड़ा जाएगा। जहां डस्टबिन टूटे हैं, उन्हें बदला जाएगा।

- दुर्गा बामनिया, सीएमओ, नपा, नीमच



## रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन के वार्षिकोत्सव में कर्मचारियों को किया सम्मानित

▸ समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया

**नीमच।** नगर के कमल अग्रसेन भवन में बुधवार दोपहर रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन ने अपना वार्षिक उत्सव मनाया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित किया गया और उनकी समस्याओं पर चर्चा हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों की ओर से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया गया। वक्ताओं ने पेंशनरों के हितों और उनके संघर्षों पर अपने विचार साझा किए।

**मुख्य अतिथियों की उपस्थिति में कार्यक्रम समापन**-कार्यक्रम में भाजपा पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष पवन पाटीदार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शोभना मीणा, जिला विधिक सेवा अधिकारी प्रविंद पूनिया और रेलवे चिकित्सा अधिकारी रंजना सिंहल मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। इनके साथ सत्यवान मेहरा, सुभाष कावड़े, केएल गोसर, दिनेश पुरोहित, श्रीकांत शर्मा, सत्यनारायण सेठी, वीरेंद्र शंकर उपाध्याय, कैलाशचंद्र व्यास और जगमोहन कटारिया भी अतिथि के रूप में मंच पर मौजूद रहे। सभी अतिथियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया।

**सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान**-एसोसिएशन की ओर से रेलवे विभाग में सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को शाल, श्रीफल और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान पेंशनरों को आने वाली विभिन्न व्यावहारिक और तकनीकी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने आश्वासन दिया कि रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन उनके हितों की रक्षा और समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहेगा।

**एक नजर** ▸ गेहूं उपार्जन व्यवस्था में सामाजिक और सेवा भारती संस्थाएं भी करें सहयोग

## मुख्यमंत्री कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम से संपूर्ण व्यवस्था पर रखी जाएगी नजर

**नीमच। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा है, कि प्रदेश में 9 अप्रैल से गेहूँ खरीदी आरंभ हो रही है। उन्होंने सभी उपार्जन केंद्रों पर किसानों के लिए सहज-सुगम व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश सभी कलेक्टर्स और एसडीएम को दिए गए हैं। उपार्जन केन्द्रों पर किसानों के लिए पेयजल और छायादार स्थान की व्यवस्था की जा रही है।**



गेहूँ उपार्जन जैसी महत्वपूर्ण और व्यापक गतिविधि में सामाजिक और सेवाभावी संस्थाएं भी सहयोग करें। प्रदेश में वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। राज्य सरकार किसान कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है, किसानों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर फैसले लिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह विचार किसान और स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से मुख्यमंत्री निवास से वर्चुअल संवाद के दौरान व्यक्त किए।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा, कि प्रदेश में बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था है। गेहूँ की प्रति क्विंटल कीमत को वर्तमान स्तर तक लाना बड़ी चुनौती थी, हम इसे 2700 रूपये प्रति क्विंटल तक ले जाएंगे। किसानों को उनकी फसल का सही दाम दिलवाना हमारी प्रतिबद्धता है। हम जनता की सेवा करना चाहते हैं, इसी उद्देश्य से उपार्जन केंद्रों पर गेहूँ खरीदी की बेहतर व्यवस्था की गई है।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा, कि उपार्जन केंद्रों पर हेल्प डेस्क स्थापित किये जा रहे हैं, जिला स्तर पर कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम से संपूर्ण व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जाएगी। उपार्जन केंद्रों पर पंपलेट और होर्डिंग के द्वारा भी किसानों को व्यवस्था के संबंध में जानकारियां देने के निर्देश दिए गए हैं।

### एसडीएम नीमच ने किया उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण

एसडीएम नीमच श्री संजीव साहू एवं तहसीलदार श्री संजय मालवीय ने उपखण्ड क्षेत्र नीमच में स्थापित विभिन्न उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर, गेहूं उपार्जन के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसडीएम श्री साहू ने उपार्जन केंद्रों पर बारदाना की उपलब्धता, तौल काटे की व्यवस्था, वेईंग मशीन एवं उपार्जित उपज की भण्डारण व्यवस्था, छाया एवं पानी की व्यवस्था आदि की जानकारी ली। उन्होने उपार्जन केंद्र प्रभारियों को किसानों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।